राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2706032 फेक्स नं. 0141–2707679,ई–मेलः–rajscoutguide@yahoo.com

क्रमांकः प. ( )रा.मु./2017–18/4031 दिनांकः – 6/3/18

सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड),
मण्डल मुख्यालय,
समस्त।

विषय :– राज्य स्तरीय कब/बुलबुल उत्सव।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कब/बुलबुल उत्सव का आयोजन दिनांक 20 से 23 मार्च, 2018 तक जगतपुरा, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी विस्तृत सूचनाएं निम्नानुसार रहेंगी :–

नाम गतिविधि :– राज्य स्तरीय कब/बुलबुल उत्सव

तिथियां :– 20 से 23 मार्च, 2018 तक

स्थान :– राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर।

पहुँच :– रेलवे स्टेशन, सिन्धी कैम्प बस स्टैण्ड व पोलोविक्ट्री से बस नं. 7 एवं चांदपोल, छोटी चौपड़ व अजमेरी गेट से लो फ्लोर बस नं. 8 से शिविर केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर पहुंचा जा सकता है। सभी सम्भागियों को प्रथम दिवस 20 मार्च 2018 को प्रातः 10.00 बजे तक शिविर केन्द्र पर पहुंचना आवश्यक है।

योग्यता :– कब बालक की योग्यता कम से कम द्वितीय चरण, बुलबुल की योग्यता कम से कम रजत पंख आवश्यक है।

भोजन व्यवस्था :– सम्भागियों की भोजन व्यवस्था एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क कराई जावेगी।

यात्रा व्यय :– संभागी कब/बुलबुल एवं यूनिट लीडर्स को बस एवं रेल का किराया कन्सेशन दर से मूल टिकिट प्रस्तुत करने पर ही देय होगा। बिना टिकिट के यात्रा व्यय भुगतान नहीं किया जा सकेगा।

आवश्यक सामग्री :– ए.पी.आर.ओ. पार्ट ।। एवं ।।। के अनुसार पूर्ण एवं सही गणवेश साथ लावें। राजस्थानी पोशाक, नकली गहने, टोटम पोल/बुलबुल ट्री, चार्ट्स, मॉडल्स, संग्रह सामग्री आदि। व्यक्तिगत रूप से खाने पीने के बर्तन, वाटर बॉटल, मौसम के अनुसार स्वेटर, बिस्तर, बदलने के कपड़े, नित्य उपयोग की सामग्री साथ लेकर आवें। यूनिट लीडर टॉर्च आवश्यक रूप से साथ लावें।

प्रतियोगिताएँ :– पैक डेन/बुलबुल ट्री, पैक/फ्लॉक रिकार्ड, जंगल के खेल/तारा स्टोरी, पोस्टर बनाना, साहसिक गतिविधियाँ/घेरे/छक्के के गीत,

www.rajteachers.com

लोक गीत/लोक नृत्य, झॉकी, विचित्र वेशभूषा, दक्षता बैज प्रदर्शन, रस्सी कूद, मेंढक कूद, साईकिलिंग, पतंगबाजी, लाल फूल आदि।

कोटा आवंटन :– प्रति जिला 6+6 कब/बुलबुल, यूनिट लीडर के नेतृत्व में संभागित्व करेंगे। मण्डल को अपने जिलों के अनुसार सम्भागित्व पूर्ण कराना आवश्यक होगा।

उपरोक्तानुसार अपने मण्डल की सहभागिता सुनिश्चित कर दिनांक 15.03.2018 तक इसकी सूचना एवं सूची राज्य मुख्यालय पर प्रेषित करें।

सधन्यवाद।

राज्य सचिव

4032-43
6/3/18

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, माननीय स्टेट चीफ कमिश्नर महोदय, जयपुर।
2. राज्य मुख्यालय पदाधिकारीगण।
3. निदेशक महोदय, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर।
4. राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर।
5. मण्डल सचिव, मण्डल मुख्यालय, समस्त।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा।
7. सर्कल ऑर्गेनाइजर स्काउट/गाइड समस्त को प्रेषित कर लेख है कि आवंटित कोटे के अनुसार अपने क्षेत्र के कब/बुलबुल को आवश्यक तैयारी सहित सहभागिता करावें एवं पूर्व सूचना से अवगत करावें।
8. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
9. संस्था प्रधान ....
10. लेखा शाखा, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
11. सहायक प्रोग्रामर, राज्य मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाइट पर अपलोड करें।
12. कार्यालय प्रति।

www.rajteachers.com

राज्य सचिव